06 कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक...



07 4 दिनों में हटाने होंगे गुमठियां और दुकानों के आगे लगे टीन शेड





## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में कौशल विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत नव तकनीकी से जुड़े शॉर्ट टर्म कोर्स प्रारंभ करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके तहत आईटीआई में हाइड्रोजन प्लांट, इलेक्ट्रोलाइज़र प्लांट आधारित प्रशिक्षण एवं सोलर लाइटिंग असेंबलर कोर्स संचालित किए जाएंगे। हाइड्रोजन प्लांट से संबंधित प्रशिक्षण के लिए कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा गेल इंडिया लिमिटेड को पत्र भेजने की अनुमति प्रदान की गई, जिससे तकनीकी सहयोग प्राप्त किया जा सके। वहीं, सोलर लाइटिंग असेंबलर कोर्स के लिए संस्था में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होने के कारण इसे प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।बैठक में स्टेनोग्राफी (हिंदी) के कोर्स को एससीव्हीटी से एनसीव्हीटी में अपग्रेड कराने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त, दिनांक 19 फरवरी 2026 को संस्था में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 75 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। यह प्रशिक्षित युवा नवीनीकरणीय ऊर्जा के स्रोत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती कैंप का विकासखंड स्तर पर होगा आयोजन

**गुना।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं जिला रोजगार कार्यालय गुना के सहयोग से एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एसआईएस के संयुक्त तत्वधान में गुना जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा दिनांक 22 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत आजीविका भवन आरोन, 23 जनवरी को जनपद पंचायत आजीविका भवन राघौगढ़, 24 जनवरी को जनपद पंचायत आजीविका भवन गुना, 27 जनवरी को जनपद पंचायत आजीविका भवन बमोरी, 28 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय बीनागंज चांचौड़ा तथा 29 जनवरी को ग्रामीण आजीविका भवन कुंभराज में भर्ती कैंप शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 से 2:30 तक किया जाएगा। इस हेतु अभ्यर्थी जिनकी योग्यता 10th पास या फेल आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर 12वीं पास कंप्यूटर कोर्स एनसीसी आयु 21 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 से.मी., वजन 56 किलो से 90 किलो, सीना 80 से 85 सेंटीमीटर हो, वह आवेदन कर सकते हैं।

## 26 जनवरी को किया गया शुष्क दिवस घोषित

**गुना।** राज्य शासन द्वारा 26 जनवरी, 2026 (गणतन्त्र दिवस) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा शासन निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा अन्तर्गत प्रदत्त शक्क्तियों का प्रयोग करते हुए, 26 जनवरी, 2026 (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर गुना जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों एवं स्टोरेज देशी मघभाण्डागार गुना को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

## मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा है भूमि संबंधित विवादों का निराकरण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाईल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।इसी क्रम में आवेदक कमल सिंह पुत्र काशीराम द्वारा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि ग्राम छावनी के सर्वे क्रमांक 344/2 रकता 0.090 है. भूमि पर अनावेदक कल्याण सिंह] फेलीराम आदि के द्वारा मौके पर कब्जा किया हुआ है। कलेक्टर द्वारा तत्काल आवेदक को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी गुना के न्यायालय 0002/अ-/2020-21 में धारा 250 अन्तर्गत कब्जा बेदखली आदेश के पालन में राजस्व दल मौके पर पहुंचकर आवेदक कमलसिंह पुत्र काशीराम लोधा की ग्राम छावनी गुना प.ह.न. 08 स्थित भूमि सर्वे सर्वे क्रमांक 344/2 रकता 0.090 है. भूमि को अनावेदकगण कल्याणसिंह फैलीराम पुत्र काशीराम लोधा से मुक्त कराकर कमलसिंह लोधा को मोके पर कब्जा दिलाया गया।इस दौरान मौके पर नायब तहसीलदार वृत्त छावनी नरेन्द्र सिंह यादव] राजस्व निरीक्षक कैलाश साहू एवं हल्का पटवारी हेमराज मीना उपस्थित रहे। कब्जा वापस मिलने पर आवेदक कमल सिंह ने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन गुना का आभार माना।

## विकसित भारत @2047 पर आधारित प्रदर्शनी 22 जनवरी से


**गुना।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 22 एवं 23 जनवरी 2026 को आयोजित होगी। प्रदर्शनी में विकसित भारत @2047, नेक्स्ट जेन जीएसटी तथा वीबी-जी राम-जी विषयों पर आधारित छायाचित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक उपलब्धियों तथा भविष्य की विकास दृष्टि से अवगत कराना है। यह प्रदर्शनी सभी के लिए निःशुल्क रहेगी।

### धरनावदा थाना पुलिस की बड़ी सफलता

# 1.20 लाख मूल्य की स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के तहत पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी प्रहार जारी है।इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में धरनावदा थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल की है।दिनांक 19 जनवरी 2026 को धरनावदा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रूठियाई हाईवे पर रानीपुरा की पुलिया के पास एक व्यक्ति स्मैक लेकर बिक्री के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, जिसे खेतों में



पीछा कर बमुश्किल पकड़ लिया गया।पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम कल्याण पुत्र कोमल सिंह केवट, उम्र 40 वर्ष, निवासी बेरखेड़ी रूठियाई, थाना धरनावदा, जिला गुना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12.22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धरनावदा थाने में अपराध क्रमांक 17/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। साथ ही आरोपी के नशा तस्करी नेटवर्क एवं अन्य संभावित स्रोतों की गहन जांच की जा रही है।'नशा मुक्त गुना जिला' अभियान के अंतर्गत की गई इस कार्रवाई को पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मादक पदार्थों की तस्करी या बिक्री से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, सउनि सैय्यद साजिद हुसैन, सउनि ओमप्रकाश शर्मा, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र सेंगर, आरक्षक धर्मेन्द्र धाकड़, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक ऋषीकेश शर्मा एवं आरक्षक रघुकुल मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

### साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों ने जनसुनवाई में दी दस्तक

# केदारनाथ मंदिर बंद होने के बाद वैकल्पिक मार्ग की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पहाड़ में दरार आने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बंद किए गए गुना के प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर को लेकर अब साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से भगवान शिव के दर्शन कर सकें।साधु-संतों का कहना है कि केदारनाथ मंदिर शहर की आस्था का प्रमुख केंद्र है और मंदिर बंद होने से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। यदि तकनीकी रूप से संभव हो तो पहाड़ के जोखिम वाले हिस्से से अलग कोई सुरक्षित वैकल्पिक रास्ता तैयार किया जाए, जिससे दर्शन बाधित न हों।वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि विशेषज्ञों की मदद से स्थल का परीक्षण कर अस्थायी अथवा स्थायी वैकल्पिक मार्ग की संभावना तलाशी जाए। साथ ही आवश्यक सुरक्षा इंतजामों के साथ श्रद्धालुओं को सीमित संख्या में दर्शन की अनुमति दी जाए।प्रशासन की ओर से बताया गया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और तकनीकी टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जाएगा।फिलहाल मंदिर क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित है और लोगों से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।



### शिवलिंग की विशेष स्थापना के लिए जाना जाता है

केदारनाथ मंदिर अपनी प्राचीन मान्यता, शांत वातावरण और शिवलिंग की विशेष स्थापना के लिए जाना जाता है। श्रद्धालु यहां जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना यहां अवश्य फलित होती है। सावन के दौरान मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया जाता है। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और रुद्राभिषेक जैसे धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहता है। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि गुना का केदारनाथ मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी केंद्र है।

### पहाड़ में दरार आने के बाद से केदारनाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए है बंद

शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल केदारनाथ मंदिर क्षेत्र में स्थित पहाड़ में दरार आने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पहाड़ में आई दरार से किसी भी संभावित हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।पहाड़ी क्षेत्र में दरारें दिखाई थी जिसके बाद संबंधित विभागों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में चट्टान खिसकने या पत्थर गिरने की संभावना जताई गई है। इसी कारण भक्तों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंदिर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

### चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं

प्रशासन ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा घेरा बनाते हुए चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे प्रतिबंध के दौरान मंदिर की ओर न जाएं और प्रशासन का सहयोग करें।प्रशासन का कहना है कि तकनीकी विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। स्थिति सामान्य होने और सुरक्षा सुनिश्चित होने के पश्चात ही मंदिर को पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा।



## मध्यप्रदेश ओलंपिक खेलो एमपी यूथ गेम्स का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ मुख्य अतिथि सविता अरविन्द गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष गुना, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र सिकरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष गुना, अंकुर श्रीवास्तव तथा शर्मिला डाबर संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी गुना द्वारा किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आज फुटबॉल, रस्साकसी, टेबिल टेनिस, वैडमिंटन, लॉन टेनिस, क्रिकेट, एथलेटिक्स, हॉकी, पिटटू, शतरंज आदि खेलों में आयोजन किया गया।

मध्यप्रदेश ओलंपिक खेलो एमपी यूथ गेम्स में श्री धर्मेन्द्र सिकरवार भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा खिलाडियों को संबांधित करते हुये कहा गया कि खेलो को बढावा देने के लिये केन्द्र और राज्य सरकार दोनों ही विशेष जोर दे रही है, खेल में कोई हारता नहीं है। नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता द्वारा बच्चों से कहा गया कि खेल जीवन में बहुत जरूरी है जब भी बच्चों को खेलते हुये देखती हूँ मुझे मेरा बचपन याद आ जाता है। खेलो एमपी यूथ गेम्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आज 650 खिलाडी सम्मिलित हुये। इस अवसर दुर्गेश चंद सक्सैना प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी,शिक्षा विभाग के पीटीआई, शिक्षक तथा कमल सिंह राजावत, किशन सिंह, अतुल शर्मा, यश प्रधान, शिवराज सिंह भदौरिया, असफाक खान, शंकर राठौर, कृष्णानंद भार्गव, चन्द्रेश सोनी, असरफ अली, सौरभ रघुवंशी, देवेन्द्र शर्मा, मुकुद शर्मा, श्रीराम माली, सुनील शर्मा तथा विभिन्न ब्लॉकों से आए प्रशिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन राजीव शर्मा द्वारा किया गया तथा एकता सक्सैना ने सभी का आभार व्यक्त किया। खेलो एमपी यूथ गेम्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का 21 जनवरी 26 को समापन किया जावेगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाडी संभाग एवं राज्य स्तर पर भागीदारी करेंगे।

## रबी फसलों में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**गुना।** कृषि विज्ञान केन्द्र आरोन (गुना) द्वारा रबी फसलों में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय अन्तःसेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुना जिले के कृषि विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. धवेन्द्र सिह द्वारा विशेष रुप से उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जैविक खेती के प्रचार एवं प्रसार एवं फसल विविधता के लाभ की जानकारी दी साथ इन्हे अपनाने के लिए किसानों को जागरुक करने को कहा। डॉ. अमित कुमार द्वारा रबी फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन की प्रजेन्टेशन द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा किसानों की खेत में खड़ी रबी फसलों विशेषकर धनिया एवं चना की फसलों में आने वाली कीट-व्याधि समस्याओं को सुनकर उनका समाधान बताया। केन्द्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विस्तार शिक्षा) वरुण प्रताप सिंह जादौन के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बर्मीकम्पोस्ट के लाभों, प्रचार एवं प्रसार द्वारा अतिरिक्त लाभकारी व्यवसाय को अपनाने हेतु किसानों का जागरुक करने का कहा।

## मिक्स जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट में टाइटन्स का शानदार प्रदर्शन



**गुना।** लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत राज्य स्तरीय समावेशी कप (मिक्स जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट) का सफल आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश स्तर पर सिनर्जी संस्थान एवं जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से यह अभिनव टूर्नामेंट आयोजित हुआ, जिसमें बालिकाओं और बालकों ने समान रूप से सहभागिता की। प्रदेशभर के 8 जिलों से कुल 184 टीमों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। गुना जिले में आयोजित जिला स्तरीय टूर्नामेंट में 12 टीमों ने सहभागिता की, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गुना टाइटन्स का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। राज्य स्तर पर कुल 16 टीमें शामिल हुईं। हरदा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय मिक्स जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट में गुना टाइटन्स ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सीरीज में उपविजेता का गौरव प्राप्त किया। टीम में 8 बालिकाओं एवं 5 बालकों की सहभागिता रही, जिसने समावेशी खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।गुना टीम के खिलाड़्यों ने व्यक्तिगत स्तर पर भी जिले का नाम रोशन किया। टीम के खिलाड़ियों को बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट फील्डर ऑफ द सीरीज जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास दिनेश चंदेल सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे। यह उपलब्धि न केवल गुना जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि खेलों के माध्यम से लैंगिक समानता को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है।


### कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं पुलिस कंट्रोल पर आयोजित हर मंगलवार की तरह जनसुनवाई

# आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

## कलेक्ट्रेट में आए 160 आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 160 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत शअभिषेक दुबे, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष ग्राम ग्रादेर तहसील चांचौड़ा निवासी संदीप मीना द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार हड्डी मील निवासी कालू खॉन द्वारा स्वयं की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सहायता की मांग की गई। दोनों आवेदनों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से प्रत्येक आवेदक को 05-05 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।



## व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर गंभीरता से सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनविश्वास को सशक्त करने एवं पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में गुना पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में 20 जनवरी 2026 मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए आवेदकों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। पुलिस अधीक्षक सोनी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदन को को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए समस्या की प्रकृति, जटिलता एवं वैधानिक पहलुओं को समझा तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए । उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर विधिवत निराकरण करते हुए पीडितों को त्वरित राहत प्रदान की जाए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से अपराध संबंधित मामलों की जांच, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध, भूमि विवाद, धमकी व मारपीट तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषय शामिल रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि जनसुनवाई का मूल उद्देश्य प्रत्येक आवेदक की बात को सुनकर उसे न्याय दिलाना है। गुना पुलिस जनता की सुरक्षा, विश्वास और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है । इस अवसर पर पुलिस अधिकारी सहित थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा नेकी आर्थिक सहायता स्वीकृत

**चाचौड़ा।** मृतिका संपतबाई, पत्नी धूरीलाल लोधी, उम्र लगभग 75 वर्ष, निवासी ग्राम तेलीगांव, तहसील चाचौड़ा, की दिनांक 28.06.2020 को कुएं में गिरकर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।उक्त संबंध में मृतिका के पुत्र रघुवीर सिंह लोधी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक 03.07.2025 एवं संलग्न दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत यह तथ्य प्रमाणित पाया गया कि उक्त मृत्यु आकस्मिक दुर्घटना के कारण हुई है।अतः राज्य शासन के राजस्व पुस्तक परिपत्र (R.B.C.) 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत मृतिका के वैध उत्तराधिकारी रघुवीर सिंह लोधी को 4,00,000/- (रुपये चार लाख मात्र) की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की।

### एसबीआई आरसेटी गुना में संचालित एसेंसियल ऑफ मेकिंग क्रिएटिव ज्वैलरी के निःशुल्क प्रशिक्षण बैच का हुआ समापन

**गुना।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गुना द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु चलाये जा रहे महत्वपूर्ण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तारतम्य में आजीविका मिशन गुना के माध्यम से 06 जनवरी से सेंसियल ऑफ मेकिंग क्रिएटिव ज्वैलरीr के 14 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। समस्त उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन हरेश श्रीवास्वत एवं शिखा जैन द्वारा किया गया। संस्थान के डायरेक्टर महेश चंद्र वर्मा ने




प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात ज्वैलरी बताने मे संबंधित रोजगार अथवा व्यवसाय स्थापित करके आर्थिक विकास की ओर अग्रसर रहें ऐसी हमारी शुभकामनाएँ हैं। समापन के अवसर पर संस्थान के सीनियर फेकल्टी सनत तिवारी द्वारा संस्थान की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा गया कि यह संस्थान वर्तमान में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार स्थापना में सहयोग करने हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में कार्यालय सहायक रामकुमार शर्मा, रवि कांत वर्मा एवं अटेंडर रमेश राजपूत द्वारा सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी गई।

### लर्निंग लायसेंस बनाने महाविद्यालयों में किया जाएगा कैंपों का आयोजन

**गुना।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गुना ज्ञानेन्द्र वैश्य ने बताया हैं कि मध्यप्रदेश में दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्थित शासकीय महाविद्यालयों में लर्निंग लायसेंस कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं।लर्निंग लायसेंस कैम्प कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में दिनांक 21 जनवरी 2026 को, शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में दिनांक 23 जनवरी 2026 को, शासकीय महाविद्यालय आरोन में दिनांक 28 जनवरी 2026 को तथा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में दिनांक 30 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इन कैम्पों में लर्निंग लायसेंस से संबंधित समस्त कार्यवाही निर्धारित कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। लर्निंग लायसेंस हेतु आवेदन करने वाले आवेदकों को पता प्रमाण के रूप में आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

आदर्श मंडी मॉडल, स्वच्छता एवं बैंक प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न, साझा की पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजित हुई। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा से की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करते हुए आवेदक की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए।

### संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति

इसके पश्चात संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा की गई तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

### आदर्श मंडी मॉडल विकसित करने के निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को फील्ड पर जाकर निरीक्षण करने के साथी मंडी परिषद को स्वच्छ व्यवस्थित एवं कृषक की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आदर्श मॉडल विकसित करने के लिए कहा गया। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 से 50 वर्ष की आयु के बीमाधारक की किसी भी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना का वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये है ।

### सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग

सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएमओ प्रतिदिन सुबह फील्ड में जाकर सफाई कार्यों की निगरानी करें तथा अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी में विविधता लाने पर जोर

कलेक्टर ने ग्वालियर मेले में गुना जिले के स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में और अधिक विविधता लाई जाए, जिसमें गुना के गुलाब, थाई पिंक अमरूद, गुना का धनिया तथा जिजी पंचायत मॉडल को भी शामिल किया जाए।

### बैंक प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकों में लंबित विभिन्न योजनाओं के प्रकरणों पर पात्रता अनुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## आरोन द्वारा वार्ड 4 में 'संकल्प से समाधान शिविर' का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

मंगलवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं शासन के निर्देश अनुरूप मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में नगर परिषद आरोन द्वारा वार्ड 04 में "संकल्प से समाधान शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाना रहा। जिसमे मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी ने सहभागिता कर शिविर की गतिविधियों का अवलोकन किया। शिविर के दौरान नागरिकों द्वारा जल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राशन, सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही परीक्षण कर अनेक समस्याओं का समाधान किया गया तथा शेष प्रकरणों को शीघ्र निराकरण हेतु दर्ज किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, उपयंत्री मोहित बिजौले , सीओ शेख जिगर खान, गौरव ओझा, पार्षद प्रतिनिधि समाज सेवी सोनू रघुवंशी, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साहिका, हेल्थ वर्कर एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## शाउमावि भादौर में मनाया आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आनंद उत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर में मनाया गया । जिसमें बच्चों के साथ खेल शिक्षक , एवं संस्था के सभी शिक्षक,और ग्राम पंचायत भादौर से राजू रघुवंशी पंचायत सचिव,प्रदीप रघुवंशी सहायक पंचायत सचिव, प्राचार्य खगेन्द्र रघुवंशी, पुष्पेन्द्र तिवारी, जगदीश दामले, अमर सिंह बुनकर,राजू अहिरवार एवं समस्त शिक्षक ने सहभागिता कर आनंद उत्सव मनाया। खेल चेयर रेस ,रस्सा कसी , चम्मच रेस , सितोलिया, आदि खेल का आनंद बच्चों ने लिया। आयोजन अम्बरीष कुमार कस्तवार शिक्षक भादौर द्वारा किया गया।



## श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवसः चितचोर बने माखनचोर, दामोदर लीला से ब्रज हुआ भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथा स्थल भक्ति और आनंद से सराबोर हो गया।

व्यास पीठ से पंडित श्री रामदयाल शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया।कथा में भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का विस्तार से प्रसंग सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि चितचोर श्रीकृष्ण ने माखन चुराकर नहीं, बल्कि ब्रजवासियों के हृदयों को प्रेम से जीत लिया। भगवान ने ग्वाल-बाल और ब्रजवासियों को अपना सर्वस्व लुटाकर प्रेम की सच्ची परिभाषा सिखाई।माता यशोदा द्वारा



भगवान को उखल से बांधे जाने की लीला का वर्णन करते हुए बताया गया कि तभी भगवान का नाम दामोदर पड़ा। इसी प्रसंग में यमलार्जुन वृक्षों का उद्धार हुआ और भगवान की कृपा से ब्रज में मंगल छा गया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण गोकुल से चलकर वृंदावन पहुंचे और वृंदावन को बसाया।कथा क्रम में व्यास जी ने अघासुर वध, ब्रह्मा का मोहभंग, तथा कालिया नाग दमन की लीलाओं का भी रसपूर्ण वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग को नाथकर उसे यमुना से बाहर भेजने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

पंचम दिवस पर गिरिराज गोवर्धन की विधि-विधान से पूजा कराई गई तथा गिरिराज महाराज को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। अन्नकूट के रूप में सजे छप्पन भोग श्रद्धा, समर्पण और भक्ति के प्रतीक बने।कथा के दौरान भजनों, जयकारों और आरती से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से प्रेम, भक्ति और समर्पण का संदेश ग्रहण किया।

## पिपरई नगर में विराट एवं हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

नगर में मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विराट एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में मातृशक्ति, बहनें, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन को लेकर नगर में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम-जानकी मंदिर से निकाली गई भव्य एवं विशाल कलश यात्रा से हुई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों मातृशक्ति अपने सिर पर आकर्षक रूप से सजे कलश धारण किए हुए चल रही थीं। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर परिषद चैराहे पर जेसीबी मशीन से फूलों की वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। डीजे की मधुर धार्मिक धुनों एवं राष्ट्रीय गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा छतों से पुष्पवर्षा की गई तथा आतिशबाजी भी की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा का समापन मंडी प्रांगण में हुआ। इसके पश्चात मंडी प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इसके बाद मंचासीन अतिथियों द्वारा गौ माता का पूजन, तुलसी पूजन तथा भारत माता की आरती की गई।

सम्मेलन में मंच पर अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रांत कार्यवाहक हेमंत सेठिया, परम पूज्य संत दुर्लभ सागर मुनि महाराज, परम पूज्य संत बाल ब्रह्मचारी हरिओम महाराज, सम्मेलन संयोजक मकरंद सिंह चैहान, सामाजिक वरिष्ठ नागरिक संतराम अहिरवारएवं मातृशक्ति के रूप में राजकुमारी आदिवासी जी मंचासीन रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रांत कार्यवाहक हेमंत सेठिया ने हिंदू समाज को संगठित रहने, अपनी संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा करने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति गठित

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल में आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति गठित की गई। जिसे लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी,सिविल सर्जन भूपेन्द्र सिंह शेखावत, एसडीओ लोक निर्माण विभाग अशोक गुप्ता, चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड बढाये जाने तथा सीसीटीव्ही कैमरों की संख्या बढाई जाकर सतत मॉनीट्ररिंग हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय परिसर में रोगियों एवं उनके परिवारों के लिय सहायता केन्द्र व्यवस्थित संचालित किये जाने तथा असामाजिक तत्वों की जिला चिकित्सालय में प्रवेश पर सख्त निगरानी रखे जाने की पहल की गई। सुरक्षा की दृष्टि से होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी लगाये जाने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय में आलार्म सिस्टम लागू करवाकर मॉकड्रिल कराये जाने,महिला प्रसाधन के लिये ओटी के बाहर टायलेट बनवाये जाने,अस्पताल में प्रायवेट लैब बाले सेंपल लेने के लिये आने वालों पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निर्णय लिया गया। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ 01 व्यक्ति को अंदर आने तथा अन्य अटेण्डरों को बाहर रखे जाने के लिये आदेशित किया गया। रात्रिकालीन ड्यूटी के लिये एम्बूलेंस उपलब्ध है जिसके उपयोग हेतु आदेशित किया गया।

## मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षक कॉलोनी निवासी उमेश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विमल पटेल व अन्य दो व्यक्तियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया बस स्टेण्ड निवासी निवासी अभिषेक कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज, कमलेश और निक्की अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगाही निवासी राजकुमारी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र यादव और राजेन्द्र सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी लालाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान और गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी रामवीर लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू और संतोष लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी ममता खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जालम ढीमर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसौद निवासी राजाभैया यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ, गौरव, महेश,सुरेश शर्मा, रूपनारायण, पवन शर्मा व अज्ञातों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी जालम ढीमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकृष्ण, दीवान सिंह, बृजेश और ममता खंगार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगावार निवासी सौरभ शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजाभैया, रज्जो और कमल सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी चन्दा बाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी टुंडाराम, राजपाल, अंकेश और बसोरा जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी लक्ष्मीबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश,चंदा भग्गों और सपना जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिन्सी निवासी हरगोबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण और छोटू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गरेंठी निवासी छोटू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशेष यादव ,संजीव, अभिषेक, रामबाबू यादव, अन्नू बुंदेला, सिम्मीराजा बुंदेला, दीपेन्द्रसिंह और हल्केराजा ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## पुलिस ने 1 किलो 555 ग्राम सूखा गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

थाना प्रभारी ईशागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी द्वारा 01 किलो 555 ग्राम सूखा गांजा कीमती करीबन 50000 रुपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी को थाना पर मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गहोरा देवकानी माता मंदिर रास्ते के मोड पर एक व्यक्ति एक प्लास्टिक के थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुये है। उक्त सूचना पर थाना ईसागढ से पुलिस टीम गठित कर समुचित निर्देश देकर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। गहोरा देवकानी माता मंदिर रास्ते के मोड पर घेराबंदी कर आरोपी कल्याण प्रसाद शर्मा पुत्र बृजनारायण शर्मा उम्र 58 साल निवासी ग्राम गहोरा थाना ईसागढ अशोकनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 01 किलो 555 ग्राम सूखा गांजा कीमती करीबन 50000 रुपये का जप्त किया गया एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. मीना रघुवंशी, सउनि. जय सिंह गौर, सउनि. रामगोपाल वर्मा, प्रआर. मनोज कुमार आदि रहे मौजूद।



आज मनाया जाएगा भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव

## ध्वजारोहण के साथ श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

नगर में चातुर्मास कर जिले की सीमा पर स्थित अति प्राचीन तीर्थ क्षेत्र गोला कोट में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के निर्देशन में ध्वजारोहण के साथ श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में ध्वजारोहण सुशीला अशोक कुमार पाटनी परिवार आर के मार्वल किशनगढ़ एवं सतेन्द्र जैन राजधानी वैशन दारा भक्तों और विशाल जन समूह के जय जय कारो के बीच किया गया ।

### ऐसी पवित्र भूमि पर एक बार सिर झुकाने अवश्य आएं

आज प्रातः काल की वेला में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि पाषाण से भगवान बनने की सम्पूर्ण विधि को हम पंच कल्याणक महोत्सव में देखेंगे यह मात्र क्रिया कांड नहीं है यह जीवन भगवान बनाने की एक सतत प्रक्रिया है जो यहां अगले पांच दिन तक निरन्तर चलेगी। स्वर्ग में बड़े बड़े इन्द्र जिनकी आयु वाइस सागर होती है सौर्धम इन्द्र की आयु मात्र एक सागर की होती है फिर भी सौधर्म



इन्द्र को बड़ा माना गया है क्योंकि उसे भगवान के पंच कल्याणक करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अपने जीवन काल में सौधर्म इन्द्र सैकड़ों पंच कल्याणक महोत्सव करने का सौभाग्य प्राप्त करता है यही भावना उसे एक दिन परम पावन पद तक पहुंचा देती है। आप लोग जो स्थापना निक्षेप से यहां पंच कल्याणक प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ कर रहे हैं यही भावना तुम्हारे लिए एक दिन साक्षात भगवान जिनेन्द्र देव के समवशरण में लेकर जायेगी और आप सब समवशरण में बैठ कर भगवान की दिव्य ध्वनि को श्रवण कर सकेंगे ।

### खंडहर से भव्य तीर्थ की यात्रा पूरी करेगा तीर्थोदय तीर्थः विजय धुर्रा

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि बारह वर्ष पूर्व परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का गोला कोट में पहली बार आगमन हुआ था। वीरान खंडहरों में सदियों से थपेड़े खा खा कर वेजान हो रहे तीर्थ को परम पूज्य राष्ट्र संत ने संजीवनी प्रदान की और इस भूले बिसरे तीर्थ के पुर्नरूद्धार का बीणा उठाया। आज गोला कोट तीर्थोदय तीर्थ के रूप में भव्य अति भव्य रूप में हम सब के सामने खड़ा भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम का गाथा गा रहा है। इस पंच कल्याणक महोत्सव के माध्यम से एक नये युग का सूत्रपात होने जा रहा है जैसा कि परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज कह रहे थे इस पंच कल्याणक को आप साधारण न समझे यह अतीत की गौरव गाथा को सदियों तक आगे लेकर आगे जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत प्रदाय कई क्षेत्रों में दोपहर में बंद रहेगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आरडीएस योजना के अंतर्गत केवल क्षमता वृद्धि कार्य किया जा रहा है जिसके कारण ईसागढ रोड़ फीडर से निकलने वाली लाईने पछाडी खेडा रोड, स्वराज एजेंसी चैराहा, डॉ डीके जैन की गली, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों में विधुत प्रदाय दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगा। जरूरत पड़ने पर समय घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### अज्ञात चोर बीएसएनएल की टावर से सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हरिओम शर्मा निवासी बिलाला मिल अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम देवकानी में बीएसएनएल के टावर से अज्ञात चोर 7 रैक्टीफायर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### हम्माली का रूपया न देने की शिकायत कार्रवाई की मांग

**अशोकनगर।** सहवाजपुर के वेयर हाउस पर कार्यरत हम्माल हरिओम रघुवंशी ने कलेक्टर के यहां शिकायत की है कि क्रांति स्वसहायता समूह के कार्यकर्ता भूरा धाकड निवासी ग्राम वूददू करैया से मेरे हम्माली की राशी रूपये 35400/- लेना है आज दिनांक तक नहीं दिये। कई बार 181 पर भी शिकायत की और जन सुनवाई में भी कचनार गया परंतु निर्णय नहीं हुआ। बदले में सोनू धाकड़ मुझे कटटा बंदूक उठाकर मारने आया। मेरी जान का खतरा है। मुझे अशोक रघुवंशी सुरक्षित बचाकर लाये। सोनू धाकड निवासी ग्राम वुददू करैया 3 माह जेल में भी रहे है। आवेदक द्वारा अपराधी सोनू पर कार्यवाही कर पैसा दिलवाने की मांग की गई है।

### बमनावर में कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, महिलाओं ने लिया भाग



**ईसागढ़।** ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान तहत विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर ढाकोनी 3 नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बमनावर अध्यक्ष आस्था रघुवंशी के सानिध्य में आंगनवाड़ी केन्द्र पर महिलाओं को देशी खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमे सुतोलिया, नींबू रेस, दौड़ प्रतियोगिता जैसे खेलों का आयोजन कराया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और खेल में शामिल होकर अपने बचपन को याद किया। घर परिवार की जिम्मेदारी में बंधी महिलाएं खेलों से दूर रहती है लेकिन ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लगातार जनता के बीच कार्य कर रही है। शासन की विभिन्न योजनाओं का ग्राम में प्रचार प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने का प्रयास करती है जो जनता के बीच अपनी एक स्वच्छ छवि और निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। लोगो के बीच आनंद उत्सव के रूप में देशी खेलो के माध्यम से लोगों की बचपन की यादों को एक आधार बनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करती है। आज व्यक्ति अपने कार्यों में इतना व्यस्त हो गया है कि अपने लिए समय ही नहीं निकाल पाता है जिससे लोगों की शारीरिक क्षमता और स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। युवा अवस्था में बुजुर्ग की तरह दिखाई देने लगे हैं ध्यान और योग करने से व्यक्ति के जीवन में एक नई ऊर्जा मिलती है। इसलिए अपने जीवन में कुछ समय निकालकर देशी खेल जो लुप्त हो रहे हैं उनको अपने परिवार और पड़ोस में खेल खेलते हुए नई पीढ़ी के बच्चों को प्रेरित करें।

---

### बहादुरपुर, बंगला चौराहा और अथाई खेड़ा में 349 अतिक्रमण चिन्हित

# 4 दिनों में हटाने होंगे गुमठियां और दुकानों के आगे लगे टीन शेड






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर तहसील के करीला मेले के दौरान सुगम यातायात बना रहे, इसके लिए प्रशासन ने मुख्य सड़कों पर से अतिक्रमण हटवाने की कवायद तेज कर दी है। करीला मेले में हर वर्ष 20 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पहुंचने वाले सारे मार्ग भीड़ से भरे होते हैं और जरा सा जाम लगने पर वाहनों की कतारें लग जाती हैं। जिसे देखते हुए करीला जाने वाले मार्गों में बहादुरपुर, बंगलाचैराहा, और अथाईखेडा में अतिक्रमण को हटया जाएगा जिसमें गुमठिया और दुकानों के आगे लगे टीनशेड शामिल हैं ऐसे 349 अतिक्रमण चिहिन्त किए गए हैं।

दरअसल, मां जानकी करीला धाम के आगामी मेले के भव्य आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। कलेक्टर के निर्देशानुसार, बहादुरपुर और मुंगावली क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया जा रहा है। तहसीलदार बहादुरपुर ने इस संबंध में जनपद पंचायत मुंगावली को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

#### बंगला चौराहा, बहादुरपुर के 349 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित

राजस्व विभाग की टीम ने सारा एप और मौके पर जाकर अतिक्रमणकारियों की विस्तृत सूची तैयार की है। जांच में सामने आया है कि केवल अथाईखेड़ा में अशोकनगर-विदिशा स्टेट हाईवे के किनारे 93 लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं, जिनमें 12 स्थायी और 81 अस्थायी निर्माण शामिल हैं। इसी तरह बहादुरपुर मुख्य मार्ग पर 78 और बंगला चैराहा (बरखेड़ा जमाल) पर भी 178 से अधिक गुमठियों, टीन शेड और पक्के चबूतरों को चिह्नित किया गया है।

#### 5 दिन के भीतर करनी होगी कार्रवाई

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली ने ग्राम पंचायत अथाईखेड़ा, बरखेड़ा जमाल और बहादुरपुर के सरपंच व सचिवों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी चिह्नित अतिक्रमणकारियों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं और अगले 5 दिनों के भीतर राजस्व विभाग के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट सौंपी जाए।

#### मेले की सुगमता के लिए प्रशासन का कड़ा रुख

प्रशासन का मुख्य उद्देश्य करीला मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए रास्तों को बाधा मुक्त बनाना है। चिह्नित अतिक्रमणों में दुकानों के आगे निकले हुए टीन शेड, पक्की दीवारें, लोहे की फेंसिंग, हाथ ठेले और सड़कों पर रखे जेनरेटर व भारी मशीनें शामिल हैं। तहसीलदार ने चेतावनी दी है कि पंचायत राज अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर मुख्य मार्गों को जल्द से जल्द साफ कराया जाए।

#### मुख्य सड़क मार्ग पर बसे हैं यह कस्बे

करीला मेले में हजारों की संख्या में आने वाले वाहनों को निकलने में सुविधा हो सके जिसके लिए इन मार्गों से अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय सिर्फ मेले तक सीमित न रहे इन कस्बों से गुजरने वाले मार्ग पर पूरे वर्ष भर वाहनों की आवाजाही होती है। जिसे देखते हुए इन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना जरूरी है। पूरा बहादुरपुर, अथाईखेडा और बंगला चैराहा सड़कों के किनारे बसे हैं जिसके कारण इस अशोकनगर विदिशा मार्ग पर वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। सागर, विदिशा, भोपाल के साथ अशोकनगर, गुना और शिवपुरी की ओर जाने वाले सारे वाहन इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं। ऐसी स्थिति में इन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर पूरे वर्ष भर रखा जाना चाहिए ताकि वाहनों को निकलने में सुविधा हो सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

---

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चार वर्षीय बालक को सकुशल परिजनों से मिलाया



**अशोकनगर।** थाना देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 04 वर्षीय बालक को सकुशल दस्तयाव कर परिजनों से मिलाया गया। अपने बेटे को पाकर परिवार जन खुश नजर आए।

मंगलवार में थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत एक 4 वर्षीय बालक के अपने घर का रास्ता भटक जाने की सूचना प्राप्त हुई। बालक के गुम होने की सूचना मिलते ही थाना देहात द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक अनूप कुमार एवं चालक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। बालक अपने परिजन के सम्बन्ध में जानकारी नही बता पा रहा था, डायल 112 में तैनात प्रआर. अनूप कुमार एवं चालक द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश की गई एवं आसपास के लोगों से जानकारी ली, पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कुशल कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप अल्प समय में बालक को दस्तयाब कर लिया गया। तत्पश्चात आवश्यक पूछताछ एवं पहचान सुनिश्चित करने के पश्चात बालक को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया। अपने बालक को पाकर परिजनों द्वारा अशोकनगर पुलिस एवं डायल-112 की तत्परता, मानवीयता, संवेदनशीलता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### महारानी लक्ष्मी स्वसहायता समूह का अनुबंध समाप्त किया

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ़ की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजनांतर्गत अनुश्रवण समिति की बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत सेमरखेडी के (गोविंदपुर) एकीकृत प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय में अनुवंधित महारानी लक्ष्मी स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त की शाला प्रबंधन समिति एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सेमरीखेडी (गोविंदपुर) एवं शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय जनोदा को मध्यान्ह भोजन वितरण करने के लिए आदेशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम पोषण योजनांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित एकीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सेमरखेडी एवं प्राथमिक विद्यालय कॉलोनी जनोदा में अनुवंधित स्व. सहायता समूह द्वारा शाला में नियमित रूप से मैन्यू अनुसार रूचि कर गुणवत्ता पूर्ण भोजन वितरण न करने के कारण शाला के प्रधानाध्यापको द्वारा शिकायत की गई थी। जिसकी जांच संबंधित सी.ए.सी द्वारा कराई गई तथा कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी मध्यान्ह भोजन वितरण में कोई सुधार न करने के कारण तथा शाला प्रधानाध्यापको के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर सी.ए.सी द्वारा दिये गये जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई।

---

## राजपुर में जनसुनवाई के कार्यक्रम की शुरूआत

**अशोकनगर।** मंगलवार को राजपुर में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर अब हर मंगलवार को पचांयत स्तर पर जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें गांव वासियों की समस्या का निराकरण किया जाएगा जिससे गांव वासियों कों ज़िला कलेक्टर कार्यालय नही भागना पड़ेगा।

इसी क्रम में पंचायत कार्यालय राजपुर में ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर के नाम एक आवेदन दिया गया। जिसमें सड़क मार्ग के किनारे जो झाड़ी वागड़ लगी हैं उन्हें साफ़ कराया जानें की मांग गांव वासियों ने रखी है। इस मंशा से पंचायत स्तर पर गांव के सरपंच, सचिव, पटवारी हल्का पर पंचायत कार्यालय पर मोजूद रहकर गांव वासियों की समस्या हल कर सकेंगें। आज राजपुर कस्बे में जनसमस्या कों देखते हुए आए दिन इस सड़क मार्ग किनारों पर पतछड झंडियों के कारण एक्सीडेंट होते रहते हैं सबसे अधिक मोड़ों पर दिक्कत होती हैं छीपोन से लेकर भादोंन तक सड़क मार्ग किनारों पर झंडियों से सड़क पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है। इसी कों ध्यान में रखते हुए गांव के देशराज पाल, डा. रामपाल यादव, प्रदीप गुर्जर, रामकिशन पाल, गुड्डा गुर्जर आदि ने सड़क मार्ग से झंडियों कों साफ़ कराया जाने की मांग कलेक्टर को पत्र लिखकर की गई है।





### प्री-स्कूल एज्यूकेशन में हितग्राहियों का पंजीयन किया गया

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप जिले के 03 से 06 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों को आंगनवाडी केन्द्रों में दर्ज करने हेतु शासन के निर्देशानुसार विशेष एन्ड्रोलमेंट ड्राईव चलाया जा रहा हैं। 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ इस कार्यक्रम का उद्धेश्य हैं कि मानव संसाधन देश के आर्थिक विकास व सामाजिक प्रगति का मूल आधार हैं। प्रारंभिक शिशु शिक्षा एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। इस कार्यक्रम के द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 06 वर्ष तक के बच्चो को उनके पूरे विकास को सुनिश्चित करके औपचारिक स्कूल शिक्षा के लिये तैयार करने में महत्वंपूर्ण भूमिका निभायेगे ताकि बच्चे स्वस्थ्य, आत्म विश्वासी और सीखने के लिये तैयार होकर स्कूलो में प्रवेश करे सके। मंगलवार को मैदानी स्तर पर मिशन के रूप में 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चो को जनभागीदारी, बच्चो के माता-पिता व जनप्रतिनिधियो के साथ दूरस्थ क्षेत्र के परिवारो से संपर्क कर पंजीकृत किया गया। शहरी क्षेत्र में बार्ड पार्षद सुश्री शालिनी खेरा ने आंगनवाडी पर 08 बच्चों का पंजीयन करवाने में सहयोग किया। क्षेत्र तूमेन में पीवीटीजी परिवारो के बच्चो को पंजीकृत कर आंगनवाडी की सेवाओ के लाभ देने प्रारंभ किये। प्रतिदिन 200 बच्चो को पंजीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया हैं ताकि पात्र शत प्रतिशत बच्चों का पंजीयन हो सके।

---

संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए

## जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ ने 247 आवेदकों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 247 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में ग्राम शंकरपुर निवासी सुनीता कुशवाहा द्वारा नकल कम्प्यूटर पर दर्ज कराए जाने,ग्राम बहेरिया निवासी शिवानी लोधी द्वारा दिव्यांग कार्ड बनबाए जाने,ग्राम महाना निवासी मानबाई द्वारा पट्टा दिलाए जाने, ग्राम छैवलाई निवासी सरदार सिंह द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम कालीटोर निवासी रामस्वरूप सहरिया द्वारा अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम मूडरा निवासी गजराज लोधी द्वारा कुटीर का कार्य चालू करवाए जाने,ग्राम साजनमहू निवासी अखिलेश धानक को आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने ,ग्राम खैरोना निवासी राधाबाई द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने,ग्राम धुर्रा निवासी जयराम खंगार प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी कराए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रसूतिका को भोपाल भेजने और अस्पताल में ही नॉर्मल डिलेवरी होने के मामले में तीन को नोटिस किया गया जारी

**अशोकनगर।** दिनांक 20 जनवरी को हरिभूमि के पेज क्रमांक 7 पर प्रकाशित खबर अस्पताल से प्रसूतिका को टिपिकल बताकर भोपाल ले जाने के बाद भी गेट पर नॉर्मल डिलेवरी होने के मामले में सिविल सर्जन डॉ भूपेन्द्र शेखावत ने उक्त घटना के संबंध में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सिविल सर्जन द्वारा डॉ. मनीषा यादव स्त्री रोग विशेषज्ञ, आरती सार्वे प्रभारी नर्सिंग आफिसर प्रसूती वार्ड और लक्ष्मी दुफारे ऑन डयूटी नर्सिंग आफिसर लेवर रूम को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है जिसमें 24 घंटे के अन्दर बिन्दु बार स्पष्टीकरण मांगा गया है।

---

आयोजन में चिकित्सीय सेवाएं देने वाले डॉक्टरों का किया गया सम्मान

# समाज सेवा के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ग्राम सिकंदरा स्थित विकास नमकीन के गार्डन पर समाजसेवा एवं धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी संस्था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं चातुर्मास के दौरान नगर में विराजमान प.पू निर्यापक मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन पंचायत द्वारा आयोजित 32वे श्रावक संस्कार शिविर में अपनी चिकित्सीय सेवाएं देने वाले नगर के सभी डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने सोशल ग्रुप फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी से मुख्य अतिथि के रूप में पारस मोनिका जैन, शपथ विधि अधिकारी के रूप में चंबल रीजन अध्यक्ष अनुपम- महिमा चैधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र-सारिका जैन के. बी. तथा इनके साथ ग्रुप के परम संरक्षक एवं दिगंबर जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी संरक्षक व्याख्याता महेंद्र जैन कड़ेसरा, परामर्शदाता शिखर बड़कुल एवं जिले की लाइफ लाइन कहे जाने वाले जाने माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी.के जैन की महती उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ग्रुप के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत करने आए सभी अतिथिगण का तिलक लगाकर पुष्पहार माला पहनाकर स्वागत किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी में ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रसन्न महिदपुर के निर्देशन में एवं सभी सदस्यों की भागीदारी से कार्यक्रम में भव्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरंभ सर्वप्रथम बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके व मंगलाचरण करके किया तत्पश्चात स्वागत नृत्य बिटिया मिहिका जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। शाश्वत ग्रुप के सदस्य एवं प्रोफेसर मोनेश एवं अनूप शिक्षक ने संबोधित किया।

### बीते कार्यकाल की उपलब्धियां

ग्रुप के बीते 2 वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों के विषय में तत्कालीन अध्यक्ष आदित्य जैन सैमसंग ने अपना ब्यौरा सभा पटल पर पेश किया जिसमें उन्होंने शाश्वत ग्रुप द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के अनुभव को साझा किया और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए नई टीम को प्रेरित किया, वस्तुतः देखा जाए तो आदित्य के अध्यक्षीय कार्यकाल में ग्रुप ने एकाएक अनेक उपलब्धियों को प्राप्त किया है जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्य, जैन समाज के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग करना एवं सहभागी बनना, गरीब कल्याण के कार्य जैसे भोजन वितरण, शीत ऋतु में गरीबों और बच्चों को ऊनी वस्त्रों का वितरण, स्वास्थ्य कैंप लगाना, रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्म कालीन शीतल जल वितरण में सहयोग, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पेड़ लगाना, अमृतम जलम अभियान जैसे सफाई अभियान में स्वयं सेवा के रूप में सहभागी बनना, मूक पशु एवं पक्षियों के सेवार्थ गौशाला में चारा मुहैया कराना व आर्थिक सहायता देना, महिला सशक्तीकरण की दिशा में महिला बिंग को सक्रिय और क्रियाशील बनाना, नए सदस्यों को संस्था की सदस्यता दिलवाना, श्रावक संस्कार शिविर में स्वास्थ्य शिविर का संचालन, रक्तदान शिविर का आयोजन आदि शामिल है

### चिकित्सा टीम का सम्मान

इस वर्ष चातुर्मास के दौरान नगर में बिराजमान प.पू निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन पंचायत द्वारा आयोजित 32वें श्रावक संस्कार शिविर में अपनी चिकित्सीय सेवाएं देने वाले नगर के सभी चिकित्सक डॉक्टर्स टीम एवं सभी चिकित्सा शिविर के सहयोगियों का सम्मान किया जिनमें डॉक्टर्स टीम में डॉ डी.के जैन, डॉ दीपक जैन, डॉ पंकज जैन, डॉ शुभम जैन, डॉ अभिषेक सिंघई, डॉ अविनाश जैन गोलू, डॉ सुरेन्द्र जैन, डॉ रक्षेंद्र जैन, वैध ओमप्रकाश शर्मा, प्रकाश जैन शामिल रहे। वही मेडिकल/दवा प्रदाता सहयोगियों में विनोद जैन राजू मेडिकल, राजकमल जैन गौतम मेडिकल,नीरज बंसल बंसल मेडिकल, सुलभ जैन नित्या मेडिकल,सुमत जैन पारस मेडिकल। और विशेष सहयोगी में अजयकांत जैन, आशीष जैन, रिस्सू विवेक जैन, आदि का सम्मान कर उन्हें शाश्वत सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया गया।

### नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

ग्रुप संविधान के प्रति निष्ठा समाज सेवा के प्रति सेवा संकल्प के साथ नवीन कार्यकारिणी टीम ने शपथ ली जिसमें अध्यक्ष राजीव मनीषा जैन ठेकेदार, सचिव गौरव नेहा जैन कोषाध्यक्ष राकेश-नेहा जैन के साथ कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश-नीतू जैन, उपाध्यक्ष सुधीर- श्वेता जैन आयरन, उपाध्यक्ष मनीष-नीतम जैन, पी.ओ. सह सचिव- मनीष जैन बंगला चैराहा, सह कोषाध्यक्ष राजीव जैन पारस, सांस्कृतिक सचिव राकेश जैन आम्रपाली, सह सांस्कृतिक सचिव महावीर जैन रानू, मंच संचालन-प्रो.मोनेश जैन संगठन सचिव रूपेश जैन, सह संगठन सचिव-नीरज कांसल मीडिया प्रभारी अरविंद जैन पत्रिका, ऑडिटर अनूप जैन, स्वास्थ्य संयोजक-डॉ दीपक जैन, सह स्वास्थ संयोजक अजयकांत जैन, संचालक मंडल सदस्यों में क्रमशः- सीमेंद्र जैन अखाई, नीरज बंसल, अतुल बंसल और आदित्य जैन सैमसंग रहे ,वही प्रचार सचिव के रूप में सौरभ सिंघई, सह प्रचार सचिव के रूप में आशु जैन गुरहा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

### नए सदस्यों का समावेश

शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह के अवसर पर संस्था की रीति नीति एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की कुशलता से प्रभावित होकर शाश्वत ग्रुप में 4 नए सदस्य ग्रुप में शामिल हुए, जिनमें विकास जैन नमकीन, डॉ पंकज जैन, सचिन जैन, रीतेश बजाज शामिल है, सभी नए सदस्यों का शपथ विधि अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराया एवं बैज लगाकर उन्हें विधिवत रूप से ग्रुप की सदस्यता प्रदान कराई।

बसंत पंचमी को निकलेगी परिक्रमा यात्रा, सांसद ने ली तैयारियों को लेकर बैठक

# बिजासन धाम पर लगेगा मेला एक माह तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भैंसवा माताजी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में मेले का आयोजन होगा। बसंत पंचमी के पर्व से विशेष पूजा उपरांत प्रारंभ होने वाला यह मेला एक माह तक चलता है जिसमें देश के कोने कोने से आकर भक्त माता के दर्शन तो करते ही हे साथ में मेले का लुत्फ उठाते हैं।

यह आपको बता दें कि पिछले पैंतीस वर्षों से लगातार हर वर्ष आसपास की मातृशक्ति माताओं बहनों सहित सभी श्रद्धालु भक्त माता की पहाड़ी की परिक्रमा करते आ रहे हैं। इस परिक्रमा को सबसे पहले चैत्र अमावस्या को पंडित स्वर्गीय मनोहर प्रसाद शर्मा द्वारा शुरू किया गया था जो अब तक पंडित श्याम सुंदर पाठक के नेतृत्व में लगातार हर वर्ष की जा रही ओर बसंत पंचमी के साथ यह यात्रा चैत्र अमावस्या को भी आयोजित की जाएगी। माता बिजासन की विशाल पहाड़ी की यह



परिक्रमा लगभग दस किलोमीटर की है जिसमें पहाड़ी के मनोरम सौंदर्य के साथ गुरु गोरखनाथ अखाड़ा के दर्शन, गोशाला दर्शन, भैंसासुर महाराज दर्शन, हनुमान जी महाराज दर्शन के प्राप्त होते हैं। यात्रा भैंसवा माताजी हनुमान मंदिर से शुरू होती हैं ओर माता बिजासन के दर्शन पूजा उपरांत यात्रा का समापन होता हे ठीक उसी प्रकार बसंत पंचमी को भी पहाड़ी परिक्रमा की जाएगी । बताया जाता हे कि परिक्रमा में शामिल भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और भक्त मां से जो वर मांगते हे वह उनको प्राप्त होता हे ।

### सांसद ने तैयारियों को लेकर की बैठक

सांसद रोडमल नागर रविवार को परिक्रमा यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति सदस्यों के साथ बैठक में शामिल हुए और परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्तों के लिए सभी सुविधाओं के प्रबंध की तैयारी करने के लिए समिति सदस्यों से चर्चा की यात्रा भोजन से लेकर जुलूस, पेयजल आदि के लिए समिति के अलग अलग सदस्यों को प्रभारी बनाया। पूर्व में परिक्रमा केवल पगडंडी रस्ते पर की जाती थी पर इस बार परिक्रमा यात्रा,,निर्माणाधीन परिक्रमा मार्ग से की जाएगी इस मार्ग का निर्माण पिछले एक वर्ष से प्रस्तावित था जो अब बनकर पूर्णता तैयार हो चुका है। वहीं ट्रस्ट समिति वा महायज्ञ समिति का इस मार्ग पर बावन शक्ति पीठों के निर्माण का संकल्प है।समिति सदस्यों ने बताया कि माता बिजासन के मंदिर निर्माण के तुरंत बाद मार्ग पर बावन शक्ति पीठ स्थापित करने का लक्ष्य तय कर लिया गया है। वहीं मंदिर निर्माण प्रगति की बात करे तो प्रथम चरण में मंदिर निर्माण के लिए बनाए विशाल स्ट्रक्चर प्लेंथ निर्माण के बाद अब द्वितीय चरण में बनाए जा रहे गर्भ गृह निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा हे दो महीने में गर्भ गृह छत निर्माण के बाद शिखर निर्माण का कार्य तीन माह में पूर्ण कर तीसरे चरण मंडप निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।समिति सदस्यों द्वारा सभी धर्मप्रेमी भक्तों एवं माता बहनों से परिक्रमा यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

कुलदेवी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने पहुंचेंगे खैराबाद

# मां फलोदी धाम को पैदल यात्रा पर ही निकले युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मेडतवाल समाज के दो युवा साथी समाज की कुलदेवी मां फलोदी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने पैदल यात्रा पर निकले। मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी का प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाया जाएगा जहां पर मेडतवाल समाज के महिला पुरुष युवा सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होकर मां के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं।

इस तारतम्य में नगर के मेडतवाल समाज के सदस्य भाजपा नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार डिगा नेता के सुपुत्र सागर जमींदार एवं उनके साथी सिंगी नगर के सिदेश्वर महादेव मंदिर से पुजा अर्चना कर मां फलौदी धाम खैराबाद के लिए पैदल निकलें। जो बसन्त पंचमी के दिन मां से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे , उन्होंने बताया कि मां का बुलावा आया हम चले मेडतवाल समाज के सुख



समृद्धि और शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण खुशहाली कि कामना करेंगे सभी सुखी रहें।

### यात्री का स्वागत किया

पैदल यात्रा पर निकले यात्री का साफी फुल माला पहनाकर स्वागत समाजसेवी दिनेश जमींदार, राजेश गुप्ता नाना, सीएमओ हरीओम शर्मा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, दिनेश गुप्ता शिक्षक, नवनीत जुलानिया, मोहन मेवाड़े, महेंद्र शर्मा, डा. राघवेन्द्र वैध, द्वारका गुप्ता परोलिया, देवेन्द्र जमींदार ने स्वागत किया।

### विधायक हजारीलाल दांगी ने भी किया स्वागत

माचलपुर नाका पर विधायक हजारीलाल दांगी, समाजसेवी, डॉ राम किरार, सरपंच बापुलाल दांगी, अशोक दुपाड़िया, भगवान खारपा, रामबाबू गरडा, रामप्रसाद बैरिस्टर, राहुल जमींदार, मनोज रेडीमेड, भावभीना स्वागत किया तथा नगर में जगह जगह स्वागत किया, जो यहां से माचलपुर होकर दूसरे दिन राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेंगे तथा बसन्त पंचमी पर रामगंजमंडी के नजदीक मां फलोदी धाम खैराबाद पहुंचेंगे।

## राज्य स्तरीय पावर प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा जिले के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह चयन अर्नाल्ड हेल्थ क्लब पीतलमिल पर किया गया। ट्रायल में विदिशा शहर सहित जिले के समस्त विकासखंडों एवं तहसीलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चयन समिति एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में 13 एवं 14 फरवरी को सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। एसोसिएशन के सचिव एवं वरिष्ठ पावरलिफ्टर सरोज तिवारी द्वारा चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आगे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन



कर सके। इस अवसर पर सहसचिव राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष प्रमोद प्रभाकर, प्रीतम सिंह दांगी, कपिल तिवारी, अमन लोधी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। चयनित खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के निर्देश दिए गए।

## जांच में कुएं के पानी में मिली अशुद्धि, उपयोग पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

तहसील के ग्राम चांद बड़ली स्थित इकबाल खान के कुएं के पानी की जांच में बैक्टीरियोलॉजिकल अशुद्धि पाए जाने के बाद प्रशासन ने कुएं के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी है। सोमवार को जांच के दौरान एसडीएम ने मामले में कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुएँ का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया। ऐसे में इस पानी के उपयोग से बीमारी फैलने की संभावना को देखते हुए एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए है। आदेश में कहा गया है कि कुएं के पानी का किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जन स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा क्षेत्र के जलस्त्रोतों की जांच करवाई जा रही है।

# देवेन्द्र सेन बने युवा जिला अध्यक्ष भोपाल में सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**राजगढ़।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी के अवसर पर राष्ट्रीय सर्वसेन समाज संगठन (रजिस्टर्ड) द्वारा राजधानी भोपाल में सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय सर्वसेन समाज महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निर्णय लेते हुए देवेन्द्र सेन को युवा जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. महेन्द्र सेन, प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष गोपाल सेन की सहमति से की गई।

भोपाल में आयोजित महासम्मेलन के दौरान मंच से देवेन्द्र सेन (खूजनेर) को विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र जारी करते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि देवेन्द्र सेन अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे नव-नियुक्त युवा जिला अध्यक्ष



देवेन्द्र सेन ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के हित, युवाओं के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करेंगे देवेन्द्र सेन की नियुक्ति से जिले के युवाओं में उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों एवं संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल सेन बद्रीप्रसाद सेन मुकेश चैहान रवि सेन पत्रकार मनोज चैहान अनिल सेन भगवान सेन आदि समाजजनों ने बधाइयां देते हुए उनके उज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

## युवक ने पेड़ पर फंदा डालकर की आत्महत्या

**जीरापुर।** नगर के थाना अन्तर्गत ग्राम जैतपुरा (सुलीपुरा) में अज्ञात कारणों के चलते एक ग्रामीण युवक ने गांव में पेड पर लटकर आत्महत्या कर फांसी लगा ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार बालचंद्र पिता शिवलाल सेन निवासी जैतपुरा सुलीपुरा ने थाने मे उपस्थित होकर सुचना दी व रोज नामचे में दर्ज करवाया कि मेरे सुपुत्र सीताराम पिता बालचंद सेन 22 वर्ष निवासी जैतपुरा (सुलीपुरा) सोमवार श्याम पाच बजे घर से ट्रैक्टर चलाने के लिए गया हुआ था परंतु वह राड़ी के जंगल मे खाखरे के पेड पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस द्वारा पिता की सूचना पर मृतक सीताराम पिता बालचंद सेन 22 वर्ष ने अज्ञात कारण के चलते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या की जिसे उसे रात्रि में सिविल अस्पताल लाया गया मंगलवार डाक्टर द्वारा म्रत घोषित किया गया एवं पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुई संगीतमय गो भागवत कथा



**सुठालिया।** कामधेनु गौ सेवा समिति एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से नगर सुठालिया में पहली बार संगीतमई गो भागवत कथा का आयोजन किया सोमवार दोपहर कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ। कथा के पहले नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर परिसर से पूजा अर्चना कर बैंड बाजे आतिशबाजी के बीच कलश यात्रा शुरू हुए जो कथा स्थल शिव मंदिर पर पहुंची जहां विधिविधान के साथ स्थापन के बाद गो कथा शुरू हुई। कलश यात्रा ने में बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। यहां कथा प्रवक्ता पंडित मनीष वशिष्ठ द्वारा प्रतिदिन संगीत मय हनुमान चालीसा सुन्दर काण्ड पाठ के साथ गो कथा की शुरू की गई। यह प्रतिदिन 12 से 4 बजे तक गो भागवत कथा पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे। आयोजन कर्ताओं ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर गो भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है। कथा के दौरान 24 जनवरी को गौ सेवकों का सम्मान किया जाएगा। कथा का समापन 25 जनवरी को किया जाएगा।

ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# गांव की समृद्धि से ही पूर्ण होगा विकसित भारत का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

खाताखेड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाताखेड़ी व नवांकुर संस्था मनोजवं ग्रामोत्थान समिति छापीहेड़ा विकासखंड खिलचीपुर द्वारा मध्य प्रदेश शासन के ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविन्द्र कॉन्वेंट हाई स्कूल खाताखेड़ी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप संचालक पवन कुमार शर्मा विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार शर्मा नवांकुर संस्था प्रतिनिधि बालकृष्ण शर्मा तथा परामर्शदाता अजय पाटीदार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात विद्यालय संचालक पवन कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी को ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान एवं परिषद की योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा स्वदेशी की शपथ दिलाई। अतिथियों में विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज को ही नहीं बल्कि विश्व को नई दिशा दी है इसी कारण वह संपूर्ण भारतवर्ष के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत कहे जाते हैं।

# संस्कार एकेडमी पचोर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रहा अव्वल

**ब्यावरा।** जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में संस्कार एकेडमी, पचोर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिलेभर से आई विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें संस्कार अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

संस्कार अकादमी की टीम ने प्रारंभ से ही आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की फुर्ती, मजबूत रक्षा पंक्ति और सटीक रेड ने विरोधी टीमों को कड़ी चुनौती दी। हर मैच में टीम ने आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत, रियांशी एवं खेल शिक्षक मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर आदि ने



खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की आशा भी व्यक्त की।विद्यालय में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## दिवंगत हुईं वरिष्ठ शिक्षिका की माता

**कुरावर।** नगर परिषद के सामने निवासी वरिष्ठ शिक्षिका संतोष शर्मा की माता श्रीमति दुर्गा देवी शर्मा का 84 वर्ष की आयु में कल देर रात निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे निज निवास से निकाली गई। स्थानीय श्मशान घाट पर उनके पुत्र अरूण शर्मा ने मुखाग्नि दी। नगर के वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में मुक्तिधाम पहुंचकर शर्मा की माता जी को श्रद्धांजलि दी।

श्री सत्य साईं स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया मान

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में सारंगपुर ब्लॉक प्रथम

**सारंगपुर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सारंगपुर ब्लॉक की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल सारंगपुर की तीन होनहार छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई जिसमें शीतल सोलंकी, प्रियान्शी विश्वकर्मा, रितिमा पाटीदार तीनों छात्राओं ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे सारंगपुर नगर का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का




सशक्त माध्यम हैं। विद्यालय की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्रधानाचार्य केदार गोवेकर, उप-प्रधानाचार्य किरण जोशी, जिला खो खो संघ सचिव भरत भैरवे, देव गिरजे एवं मोहित माथुर ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं नगरवासियों में इस सफलता को लेकर हर्ष और गर्व का वातावरण है।

नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व पर हुई कार्यशाला

# दीदीयां बच्चों को दे रहीं चारित्रिक निर्माण की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहिद कॉलोनी ब्यावरा की दीदीयों द्वारा ब्यावरा सिगमा कोचिंग क्लासेज के बच्चों को नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर विशेष चारित्रिक निर्माण सत्र कराया। राजगढ़ से आईं ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में नैतिकता होना बहुत आवश्यक है। क्योंकि यह हमें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने समाज में योगदान करने, और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है। शिक्षा का मूल्य उद्देश्य ही है संस्कारवान चरित्रवान एवं मूल्यवान बनना, विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है।

### बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने दिए टिप्स

ब्यावरा पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बच्चों को एकाग्रता की शक्ति को कैसे बढ़ाएं विषय पर सुनाते हुए कहा कि एकाग्रता अर्थात मन बुद्धि की स्थिरता किसी एक लक्ष्य को केंद्र मानकर अपने मन के संकल्प को एकाग्र करना, रोज सुबह उठते ही 10 मिनट ध्यान एवं सकारात्मक संकल्प करें और अपने लक्ष्य को देखें इससे याददाश्त शक्ति भी बढ़ती है और धीरे-धीरे सभी नैतिक गुण जैसे अनुशासन ईमानदारी सच्चाई आने लगते हैं स जिस



प्रकार टेबल के चार पैर में से एक पेर नहीं होता है, तो हम गिर सकते है वैसे ही हमारे विद्यार्थी जीवन में भी चारों पैर मजबूत होना बहुत जरूरी है। जैसे इंटेलिजेंस कोशेन्ट, इमोशनल कोशेन्ट, मोरल वैल्यूज, स्पिरिचुअल नॉलेज। इन सब गुणओ के आधार से ही हमारा वर्तमान और भविष्य जीवन उज्जवल बनता हैं और यह सारे वैल्यूज हमारे जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान मेडिटेशन से ही संभव है। और सभी छात्र-छात्राओं को एक्टिविटी कराई एवं मेडिटेशन की प्रेक्टिस कराई स तथा अंत में ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालीक बीके लक्ष्मी दीदी ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए सभी बच्चों को संस्था द्वारा सिखाए जा रहे हैं। निशुल्क राजयोग मेडिटेशन कोर्स सीखने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर एस एन भट्ट, स्कूल प्रिंसिपल मिस कुरेशी एवं सभी टिचर स्टाफ उपस्थित रहे।